# LOK SABHA

*Friday, September 2, 1966/Bhadra 11, 1888 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Foreign Exchange for Films

*808. **Shri Yashpal Singh:** Will the Minister of Commerce be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the deleterious effect on the Film Industry resulting in the curtailment of the Industry's productivity because of the shortage of foreign exchange; and

(b) if so, the measures contemplated to remove this bottleneck?

**The Minister of Commerce (Shri Manubhai Shah):** (a) and (b). The Foreign Exchange allocation to the film Industry for import of Raw Films, Studio equipments and other ancillary items has not been curtailed at all. Under the present circumstances more foreign exchange release is not possible.

**श्री यशपाल सिंह :** क्या सरकार यह बतला सकती है कि विदेशी फिल्में हम से कितना रुपया ले जाती हैं ?

**श्री मनुभाई शाह :** विदेशी फिल्मों का जो इम्पोर्ट है वह अलग-अलग तरीकों से किया जाता है। वैसे कैश में बहुत कम जाता है। अमेरिकन एक्स्पोर्टर्स एसोसिएशन के साथ हमारा ऐसा करार है कि वह जितना रुपया लेते हैं उस को ब्लाक किया जाता है। उस में से कुछ पर्सेन्टेज फिल्म प्रोडक्शन में हम इस्तेमाल करते हैं, कुछ यहां पर डेवेलपमेंट के लिये होता है और थोड़ा सा अमाउंट हम आहिस्ता आहिस्ता कर के ले जाने देते हैं।

**श्री यशपाल सिंह :** जब सरकार यह समझती है कि आज देश में फारेन एक्स्चेंज की बेहद कमी है और इस समस्या को सुलझाया नहीं जा सकता तब फिल्मों में विदेशी सीनरीज क्यों ली जाती हैं ? जैसे कि "लव इन टोकियो" में टोकियो की सीनरीज़ ली गई हैं। क्या यहां पर अच्छी सीनरीज नहीं हैं ?

**श्री मनुभाई शाह :** इस में ऐसा होता है कि जब हम फारेन आडिएन्स के लिए कोई ऐक्सेप्टेबल चीज देना चाहते हैं तो हम को उन के टेस्ट को भी देखना पड़ता है। ऐसा मानना भी ज़रूरी नहीं है कि सारे संसार में जो अच्छी चीजें हैं वह सिर्फ हिन्दुस्तान में मिल सकती हैं। जब हम दो या चार करोड़ रुपये की फिल्म एक्स्पोर्ट करना चाहते हैं तब उन लोगों को क्या चीज़ पसन्द है इस को हम को ख्याल में रखना पड़ता है।

**Shri Shashi Ranjan:** After devaluation, what is the total quantum of foreign exchange issued and what is the proportion issued to the film industry?

**Shri Manubhai Shah:** Presently we have realeased Rs. 2 crores. Another Rs. 2 crores will have to be released in due course. One can say in the overall, it is Rs. 4 crores against which there are exports of films expected to earn Rs. 4 crores to Rs. 5 crores. These exports and imports more or less balance themselves.

**Dr. Ranen Sen:** We have foreign exchange difficulties and there is reduction of import of film from foreign lands. Is it a fact that there are many cases in which licences have been given to producers to import raw film without any assessment of the capacity of the producer concerned to produce good films which would be not only popular in India but which would be exportable?

**Shri Manubhai Shah:** No such licences are given. In the first instance, the entire import of raw film is linked to export earnings. In the case of coloured films, about 75 per cent of export earning will be utilised to import raw film and in the case of black-and-white, it is 37.5 per cent. It is directly linked to export performance. The distribution of raw stock among producers is done in consultation with the Film Advisory Committee on which the major film producers' associations are fully represented. We have had no case of complaint where anybody could say that the distribution has not been done correctly.

**Shri D. C. Sharma:** What is the highest quantum of foreign exchange paid to any film company during the current year? May I know why so much of foreign exchange has been paid to that company and for what film it has been given?

**Shri Manubhai Shah:** I have no knowledge about individual film producers. If the hon. member can name any producer about whom he is interested in knowing the information, I can supply it. But I can say that no producer is treated separately as far as the Government is concerned. The Indian Motion Picture Producers' Association and the various regional associations of film producers are all represented along with the Ministry of Information and Broadcasting in our ministry in distributing raw stock.

**श्री बड़े :** क्या सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि "धर्मयुग" में एक क्रिटिसिज्म आया था कि "लव इन टोकियो" या इस प्रकार की जो दूसरी फिल्में हैं, जो कि बाहर जाती हैं, उन पर हम काफी रुपया खर्च करते हैं ? शासन को यह आश्वासन दिया गया था कि भारत को 3 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा दी जायेगी, लेकिन केवल 2 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा में मिले हैं और एक करोड़ रुपये का लास हुआ है। क्या यह बात सच है।

**श्री मनुभाई शाह :** इस तरह के कोई आश्वासन नहीं दिये गये थे। लोग इस प्रकार की बातें वैसे ही सोच लिया करते हैं। किसी भी कंट्रेक्ट में जो कुछ लिखा हुआ है वह यह है कि जितना वह कमायेगें वह उस का 75 फी सदी यहां भज दिया जायेगा।

**श्री बड़े :** इस में कोई लास हुआ है या नहीं।

**श्री मनभाई शाह :** कोई लास नही हुआ।

**श्री तुलशी दास जाधव :** अपने पास विदेशी मुद्रा की कमी होने के कारण इस फिल्म के धन्धे पर कम से कम पैसा लगाया जाये क्या ऐसी कोई पालिसी गवर्नमेंन्ट की नहीं है ?

**श्री मनुभाई शाह :** ऐसी कोई पालिसी नहीं है। फिल्म इंडस्ट्री पर लाखों लोगों की रोज़ी निर्भर करती है, फिर हिन्दुस्तान की कल्चरल लाइफ को जारी रखने के लिये और आर्टिस्ट्स और देखने वालों का दिल बहलाने के लिये सर्टेन अमाउंट आफ फिल्म इंडस्ट्री बहुत जरूरी है।

**Shri Hem Barua:** Sir, my hon. friends have drawn the attention of the hon. Minister to a picture called "Love in Tokyo". Although there is sufficient space for love in India, the whole scene is shifted to Tokyo and this picture has succeeded only in presenting certain snapshots of the scenic beauty and architectural grandeur of Japan. It is a fit picture for any Information Bureau, if Japan has one.

May I know, in that context, whether while allotting foreign exchange the Government are satisfied or get themselves satisfied with the script and the type of picture that the producer wants to produce?

**Shri Manubhai Shah:** Yes, Sir, as far as the film industry is concerned, it is looked after by my colleague, the Minister of Information and Broadcasting. I am only concerned here with the overall import value of raw films. If the hon. Member has any precise information about a particular film, there is a full-fledged Ministry which looks after that and the question can be put to that Ministry.

**Loan from Agency for International Development**

\+

*809. **Shri Viswa Nath Pandey:**
**Shri Ramachandra Ulaka:**
**Shri Dhuleshwar Meena:**
**Shri Dighe:**

Will the Minister for **Railways** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 1153 on the 15th April, 1966 and state:

(a) whether the exploratory talks with the United States Agency for International Development regarding the loan to import equipment for the manufacture of diesel locomotives in India, have been finalised; and

(b) if so, the main features of the agreement arrived at?

**The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Sham Nath):** (a) and (b). Following the exploratory talks with both the Agency for International Development and the Export Import Bank, a loan has now been sought from the Export Import Bank of Washington. The loan application is receiving the consideration of the Bank.

**श्री विश्वनाथ पांडेय :** जैसा मंत्री महोदय ने बतलाया है भारत में डीजल एंजिन बनाने के लिए उपकरणों का आयात करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विकास संस्था के साथ ऋण के बारे में बात चीत प्रारम्भ हो गई है। मैं जानना चाहता हूं कि भारत सरकार ने इस संस्था से कितना ऋण प्राप्त करने के लिए बात चीत की है ?

**श्री शाम नाथ :** एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक से बात चीत हुई है और यह आशा है कि वहां से तकरीबन साढ़े 12 मिलियन डालर्स का ऋण मिल सकेगा।

**श्री विश्वनाथ पांडेय :** जो उपकरण आयात करके प्राप्त होंगे उन का उपयोग जो कारखाना डीजल एंजिन बनाने का है उसके लिए होगा या कोई दूसरा कारखाना खोल कर, चूंकि भारतवर्ष में डीजल एंजिनों की कमी है, सरकार उस में उन उपकरणों को इस्तेमाल करेगी ?

**श्री शाम नाथ :** ऐसी बात नहीं है। जो कारखाना वाराणसी में बना हुआ है उस में इस की काफ़ी कपेसिटी है और जितने डीजल एंजिनों की दरकार होगी उतने उस में बन सकते हैं। जो लोन आयेगा उस का इस्तेमाल वाराणसी में जो फैक्ट्री है उस के लिए होगा।

**Shri Priya Gupta:** May I know whether the Government of India, Ministry of Railways, will make an honest and sincere attempt to see that for the future consumption of these items, for which this foreign loan is being utilised, they can be produced in the country itself so that this loan will be properly utilised and this loan may not be utilised only for importing the ingredient materials alone?

**Shri Sham Nath:** Every sincere attempt is being made to increase the indigenous content. At present it is about 30 per cent, it is expected that by next year it will go up to 44 per cent and thereafter there will be progressive increase in it. But it will take some time.